समाचार विज्ञपति

अलबर्टा में उत्कृष्ट नवागंतुकों का जश्न मनाना

12 अक्टूबर, 2023

अल्बर्टा की सरकार मजबूत, देखभाल करने वाले और समावेशी समुदायों के निर्माण के प्रयासों के लिए विदेश में जन्मे 31 अल्बर्टा वासियों को सम्मानित कर रही है।

जून में, अल्बर्टा वासियों को उन नवागंतुकों को अल्बर्टा न्यूकमर रिकग्निशन अवार्ड्स के लिए नामांकित करने के लिए आमंत्रित किया गया था जिन्हें वे जानते हैं - युवा, महिलाएं, वरिष्ठ, उद्यमी, सामुदायिक निर्माता और अन्य - जिन्होंने स्वयंसेवी गतिविधियों, नेतृत्व, नवाचार, व्यवसाय या शैक्षणिक और व्यावसायिक उपलब्धियों के माध्यम से अल्बर्टा को समृद्ध किया है। अल्बर्टा वासियों ने ऐसे उल्लेखनीय व्यक्तियों को नामांकित करके आह्वान का उत्तर दिया जिन्होंने प्रांत को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से एक बेहतर स्थान बनाने में मदद की है।

“अलबर्टा नवप्रवर्तकों, उद्यमियों और बिल्डरों के सपनों और कड़ी मेहनत पर बनाया गया था। हमारा विकास जारी है क्योंकि हमारा प्रांत हमारे यहां मौजूद अवसरों और उच्च गुणवत्ता वाले जीवन की तलाश में अधिक लोगों को आकर्षित करता है। प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्ता को बधाई और अपने जुनून, अपने कौशलों और अपनी प्रतिभाओं को हमारे साथ साझा करने और अपने समुदायों और हमारे प्रांत को मजबूत करने के लिए धन्यवाद।”
डेनियल स्मिथ, प्रीमियर

नामांकनों का मूल्यांकन नामांकित व्यक्ति के समग्र योगदानों, उनके कार्यों ने एक आवश्यकता को कैसे पूरा किया और दूसरों को कैसे प्रभावित किया, और उन्होंने नेतृत्व का प्रदर्शन कैसे किया जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया। योग्य होने के लिए, नामांकित व्यक्तियों का जन्म कैनडा के बाहर हुआ होना, लेकिन अब स्थायी निवासी या कनाडाई नागरिक होना जरूरी है।

“मैं सभी प्राप्तकर्ताओं को अपनी हार्दिक बधाई देना चाहता हूँ। एक नए देश और भाषा की चुनौतियों को अपनाते हुए उन्होंने हमारे समुदायों में बहुत सकारात्मक बदलाव किए हैं। चाहे वे अल्बर्टा में कई वर्षों से रहे हों या कुछ ही वर्षों से, इन सभी व्यक्तियों ने बहुमूल्य योगदान दिया है और हम इसके लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं।”

समाचार विज्ञपति

मुहम्मद यासीन, इमीग्रेशन और मल्टीकल्चरलिज़म मंत्री

“अल्बर्टा न्यूकमर रिकग्निशन अवार्ड सिर्फ एक सम्मान नहीं है, यह अल्बर्टा को एक बेहतर स्थान बनाने की मेरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह रेखांकित करता है कि, एक नवागंतुक के रूप में, मैं अपने युवाओं, संगठनों और समुदायों को बेहतर बनाने के लिए खुद को समर्पित करके एक सार्थक प्रभाव डाल सकती हूं।"
हैरियट टिंका, प्राप्तकर्ता, एंटरप्रेन्योरियल स्पिरिट अवार्ड

पहली बार 2022 में प्रस्तुत किए गए, यह अवार्ड अल्बर्टा की सरकार द्वारा विविधता और बहुसंस्कृतिवाद का समर्थन करने का केवल एक तरीका है।

महत्वपूर्ण तथ्य

- 2023 अवार्ड श्रेणियाँ:
  - कैरियर और शैक्षणिक योगदान
  - एंटरप्रेन्योरियल स्पिरिट
  - समावेशी कार्यस्थल
  - न्यूकमर चैंपियन
  - सीनीयर स्पिरिट
  - विमिनज़ न्यूकमर इम्पैक्ट
  - लघु सामुदायिक वर्धन (Small Community Enhancement)
  - छात्र प्रेरणा
  - युवा लीडर

संबंधित जानकारी

- 2023 अलबर्टा न्यूकमर रिकग्निशन अवार्ड्स प्राप्तकर्ता

संबंधित समाचार

- किसी ऐसे नवागंतुक को नामांकित करें जिसने बदलाव लाया हो (28 जून, 2023)

मीडिया पूछताछ

सैम ब्लैकेट

समाचार विज्ञपति

प्रेस सचिव, ऑफिस ऑफ द प्रीमियर
sam.blackett@gov.ab.ca
587-589-6048

माइकल क्वास
प्रेस सचिव, इमीग्रेशन और मल्टीकल्चरलिज़म
michael.kwas@gov.ab.ca
780-264-5368